# क्रशिंग और स्टैकिंग सेक्शन एनएमडीसी को सौंपा गया

TRF

टीआरएफ के इंजीनियरों, विशेषकर उनको जो किरंडुल, छत्तीसगढ़ के नेशनल मिनिरल्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएमडीसी) बेलाडीला आयरन ओर प्रोजेक्ट - डिपॉजिट 11 बी साईट पर कार्यरत हैं, को उनके अनथक प्रयास के कारण कम्पनी को लाभ हुआ है।


पैकेज-1 क्रशिंग और स्टैकिंग सिस्टम जिसका डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और किया जाना था, उसे टीआरएफ द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक पूरा किया गया और एनएमडीसी को सौंप दिया गया। इस क्रशिंग और स्टैकिंग व्यवस्था को प्रति घंटे 3000 टन की क्षमता के मुताबिक डिजाइन किया गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यह साइट समुद्र तल से 1260 मीटर ऊपर अवस्थित है, जहाँ भारी उपकरणों की ढुलाई, जैसे क्रशर का मैंटल जिसका वजन 116 टन है, को क्रेन्स की सहायता से, जो 75 टन भार संभाल सकते हैं, का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण था। तथापि, साइट पर तैनात टीआरएफ टीम की प्रतिबद्धता और उनके द्वारा तैयार कुछ बुद्धिमतापूर्ण समाधानों के बदौलत सामान को साइट तक स्थानांतरित किया गया।

अब से आगे, वारंटी पीरियड के दौरान इस सिस्टम को हमारी देखरेख में एनएमडीसी द्वारा संचालित किया जायगा।

**स्टॉप प्रेस**

टीआरएफ ने 1X800 मेगावाट वानकबोरी थर्मल पावर स्टेशन हेतु स्टैकर रिक्लेमर पैकेज के लिए भेल से ऑर्डर हासिल किया है।





NMDC LIMITED, HYDERABAD
BAILADILA IRON ORE PROJECT – DEPOSIT 11B
KIRANDUL, CHHATTISGARH

***HANDING OVER & TAKING OVER CERTIFICATE***

DATE: 31/10/2015

**PACKAGE-I: CRUSHING AND STACKING SECTION**